PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2024-25

HINDI

Time – 3 hrs. **Class – VI** **M.M. – 80**

Date - 22.02.2025 (Saturday)

Name of the student _____ *Section* _____

निर्देश-

1. प्रश्नपत्र में चार खंड हैं- अ, ब, स और द |
2. निर्देशानुसार चारों खंडों के उत्तर देना अनिवार्य है |
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |
4. प्रश्नोत्तर लेखन में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें |
5. बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर सही विकल्प सहित पूर्णतः लिखना अनिवार्य है |

खंड - 'अ' (अपठित बोध)

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प को चुनकर लिखिए - **4×1=4**

मित्र भाई के समान होना चाहिए, जिसे हम अपना प्रीति-पात्र बना सकें । हमारे और हमारे मित्र के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए । ऐसी सहानुभूति जिससे एक के हानि-लाभ को दूसरा अपना हानि-लाभ समझे । मित्रता के लिए यह आवश्यक नहीं है कि दो मित्र एक ही प्रकार के कार्य करते हों या एक ही रुचि के हों । प्रकृति और आचरण की समानता भी आवश्यक या वांछनीय नहीं है। दो भिन्न प्रकृति के मनुष्यों में बराबर प्रीति और मित्रता रही है । राम धीर और शांत प्रकृति के थे, लक्ष्मण अधीर और उग्र स्वभाव के थे, पर दोनों भाइयों में अत्यंत प्रगाढ़ स्नेह था । उन दोनों की मित्रता खूब निभी । यह कोई बात नहीं है कि एक ही स्वभाव और रुचि के लोगों में ही मित्रता हो सकती है । समाज में विभिन्नता देखकर लोग एक दूसरे की ओर आकर्षित होते हैं। जो गुण हममें नहीं है, हम चाहते हैं कि कोई ऐसा मित्र मिले, जिसमें वे गुण हों । चिंताशील मनुष्य प्रफुल्लित चित्त का साथ ढूँढ़ता है, निर्बल बली का और धीर उत्साही का । उच्च आकांक्षा वाला चंद्रगुप्त युक्ति और उपाय के लिए चाणक्य का मुँह ताकता था। नीति विशारद अकबर मन बहलाने के लिए बीरबल की ओर देखते थे ।

i) मित्र होना चाहिए-

(क) माँ के समान (ख) भाई के समान (ग) पिता के समान (घ) गुरु के समान

ii) दो मित्रों के बीच होनी चाहिए-

(क) विद्वेष (ख) शत्रुता (ग) सहानुभूति (घ) उपर्युक्त सभी

iii) मित्रता संभव है-

(क) दो समान प्रकृति वालों में (ख) दो भिन्न प्रकृति वालों में

(ग) शांत एवं उग्र प्रकृति वालों में (घ) उपर्युक्त सभी

iv) चिंताशील मनुष्य मित्रता चाहता है-

(क) प्रफुल्लित चित्त व्यक्ति से (ख) साहसी व्यक्ति से

(ग) धीर व्यक्ति से (घ) उत्साही व्यक्ति से

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प को चुनिए - 4×1=4

रत्न प्रसविनी है वसुधा, अब समझ सका हूँ।
इसमें सच्ची समता के दाने बोने हैं,
इसमें जन की क्षमता के दाने बोने हैं,
इसमें मानव ममता के दाने बोने हैं
जिससे उगल सकें फिर धूल, सुनहरी फसलें
मानवता की-जीवन श्रम से हँसे दिशाएँ।
हम जैसा बोएँगे, वैसा ही पाएँगे।

i) वसुधा की क्या विशेषता है?

(क) रत्न प्रसविनी (ख) रत्नमयी (ग) रत्नजीवी (घ) रत्नगर्भा

ii) धरती में क्या बोना है ?

(क) समता के दाने (ख) ममता के दाने (ग) क्षमता के दाने (घ) सभी

iii) दिशाएँ कब हँसेंगी ?

(क) जीवन श्रम से (ख) जीवन गति से (ग) जीवन चक्र से (घ) जीवन संघर्ष से

iv) 'हम जैसा बोएँगे, वैसा ही पाएँगे' का तात्पर्य है -

(क) जैसा करेंगे वैसा फल मिलेगा (ख) करे कोई, भरे कोई

(ग) कार्य अनुसार फल नहीं (घ) सभी ठीक हैं

खंड - 'ब' (पठित बोध)

प्र.3. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

वास्तविक लोकगीत देश के गाँवों और देहातों में है। इनका संबंध देहात की जनता से है। बड़ी जान होती है इनमें। चैता, कजरी, बारहमासा, सावन आदि मिर्ज़ापुर, बनारस और उत्तर प्रदेश के पूरबी और बिहार के पश्चिमी ज़िलों में गाए जाते हैं। बाउल और भतियाली बंगाल के लोकगीत हैं। पंजाब में माहिया आदि इसी प्रकार के हैं। हीर-राँझा, सोहनी-महीवाल संबंधी गीत पंजाबी में और ढोला-मारु आदि के गीत राजस्थानी में बड़े चाव से गाए जाते हैं । इन देहाती गीतों के रचयिता कोरी कल्पना को इतना मान न देकर अपने गीतों के विषय रोज़मर्रा के बहते जीवन से लेते हैं, जिससे वे सीधे मर्म को छू लेते हैं। उनके राग भी साधारणतः पीलू, सारंग, दुर्गा, सावन, सोरठ आदि हैं। कहरवा, बिरहा, धोबिया आदि देहात में बहुत गाए जाते हैं और बड़ी भीड़ आकर्षित करते हैं ।

i) 'देहाती गीतों' के रचयिता लोकगीत की विषय- वस्तु कहाँ से लेते हैं? 1

ii) वास्तविक लोकगीत कहाँ पर है तथा इनका संबंध किससे है? 2

iii) भारत के किन-किन क्षेत्रों में कौन-कौन से लोकगीत गाए जाते हैं? 2

प्र.4. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

कानपुर के नाना की मुँहबोली बहन 'छबीली' थी,
लक्ष्मीबाई नाम, पिता की वह संतान अकेली थी,
नाना के संग पढ़ती थी वह, नाना के संग खेली थी,

बरछी, ढाल, कृपाण, कटारी उसकी यही सहेली थी,
वीर शिवाजी की गाथाएँ, उसको याद ज़बानी थीं।
बुंदेले हरबोलों के मुँह, हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो, झाँसी वाली रानी थी ॥

i) कविता और कवयित्री का नाम लिखिए। 1

ii) लक्ष्मीबाई किसके साथ खेलती व पढ़ती थीं तथा वह अपने पिता की कैसी संतान थीं? 2

iii) लक्ष्मीबाई की सहेलियाँ कौन थीं और उसे किसकी गाथाएँ याद थीं? 2

प्र.5. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन पठित पाठ के आधार पर कीजिए । 7×1=7

i) नागराजन के लिए अलबम कहाँ से भिजवाया गया था?
क. सिंगापुर से ख. हाँगकाँग से ग. लंदन से घ. न्यूयार्क से

ii) 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता के आधार पर बच्ची को क्या सुनना पसंद है?
क. परियों की कहानियाँ ख. पंचतंत्र की कहानियाँ
ग. बाल आधारित कविताएँ घ. भगवान के गीत

iii) स्नेह और प्यार किसके आँचल की छाया में मिलता है?
क. माँ के ख. नानी के ग. दादी के घ. मौसी के

iv) "तुम्हारे घर में जो प्यारी बच्ची है, उसे तीस रुपए मैं दोगे।"- राजप्पा ने यह कथन किससे कहा?
क. दादा से ख. मामा से ग. सरपंच के लड़के से घ. नागराजन से

v) लेखिका अपने मित्रों की परीक्षा कब लेती थी?
क. जंगल की सैर करके लौटने पर ख. प्रीतिभोज में शामिल होने पर
ग. कक्षा में पढ़ाई करते समय घ. उपरोक्त सभी

vi) आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गांधी जी ने कौन-सा काम करवाया?
क. पेड़-पौधे लगवाने का ख. गेहूँ साफ़ करवाने का
ग. फर्नीचर तैयार करवाने का घ. लिखने-पढ़ने का

vii) राजप्पा आमतौर पर किन दिनों में टिकट की खोज में जाता था?
क. शनिवार, मंगलवार ख. रविवार, सोमवार ग. रविवार, मंगलवार घ. शनिवार, रविवार

प्र.6. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए- (कोई पाँच) 5×2=10

i) 'अब और कितनी दूर चलना है, पर्णकुटी कहाँ बनाइएगा?' किसने किससे पूछा और क्यों?

ii) लेखक ने 'प्रकृति के अक्षर' किन्हें कहा है?

iii) राजप्पा ने नागराजन का टिकट अलबम अँगीठी में क्यों डाल दिया?

iv) 'जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं।' हेलेन केलर को ऐसा क्यों लगता था?

v) लंदन में भोज पर बुलाए जाने पर गांधी जी ने क्या किया?

vi) गांधी जी इतना पैदल क्यों चलते थे? पैदल चलने के क्या लाभ हैं? लिखो।

प्र.7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए। (कोई दो) **2×3=6**

i) तुम्हारे जीवन में माँ का क्या स्थान है? तुम उनके लिए क्या करना चाहोगे?

ii) पाठ के आधार पर 'वन के मार्ग' का वर्णन अपने शब्दों में करो।

iii) 'संसार पुस्तक है' पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है?क्या आप भी उन बातों को अपनाना चाहेंगे? क्यों?

प्र.8. सहायक पाठ्यपुस्तक 'बाल रामकथा' के आधार पर नीचे दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

i) रामसेतु का निर्माण किसने किया था? **6×1=6**

क. हनुमान जी ने ख. नल और नील ने ग. अंगद ने घ. इनमें से किसी ने नहीं

ii) शबरी ने श्रीराम को किससे मिलने की सलाह दी?

क. बाली से ख. सुग्रीव से ग. निषादराज से घ. विभीषण से

iii) समुद्र से रास्ता माँगने के लिए श्रीराम ने कितने दिनों तक प्रार्थना की?

क. दो ख. चार ग. एक घ. तीन

iv) सीता जी को रावण ने कहाँ रखा था?

क. अशोक वाटिका में ख. तुलसी वाटिका में ग. चंदन वटिका में घ. इनमें से कोई

v) पंपा सरोवर के पास किसका आश्रम था?

क. महर्षि मतंग ख. महर्षि वशिष्ठ ग. महर्षि विश्वामित्र घ. परशुराम जी

vi) समुद्र के अंदर कौन-सा पर्वत था?

क. ऋष्यमूक ख. मैनाक ग. द्रोणागिरि घ. त्रिकुटाचल

खंड - 'स' (व्याकरण खंड)

प्र.9. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए । **9×1=9**

i) मैं वार्षिक परीक्षा के---------- दिन बाद भारत भ्रमण में जाऊँगा। **रिक्त स्थान की पूर्ति निश्चित संख्यावाचक विशेषण के आधार पर कीजिए।**

ii) 'मेरी छोटी बहन अभी स्कूल नहीं जाती'। **वाक्य में निहित प्रविशेषण शब्द छाँटकर लिखिए ।**

iii) 'वह लड़की मुझसे मिलने आई थी'। **रेखांकित पदों में से सर्वनाम तथा सार्वनामिक विशेषण छाँटकर लिखिए ।**

iv) 'बच्चे फ़िल्म देख रहे हैं'। **वाक्य में प्रयुक्त क्रिया भेद को पहचानकर नाम लिखिए ।**

v) 'बच्चे छत पर खेल रहे थे'। **वाक्य के काल को पहचानकर लिखिए ।**

vi) 'क्रिया के मूल रूप को कहते हैं'।

कोष्ठक में दिए गए शब्दों के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए । (धातु / अव्यय)

vii) 'लड़का ने पत्र लिखा' । **वाक्य को शुद्ध कर पुनः लिखिए ।**

viii) 'मेले में बहुत लोगों की भीड़ थी' । **वाक्य को शुद्ध कर पुन: लिखिए ।**

ix) '---- में गुलामी की बेणियाँ पड़ी रहीं' । **सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । (पैरों / गले)**

प्र.10. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए । 2×1=2

i) नित्य ---------- ----------

ii) हित ---------- ----------

प्र.11 निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए । 3×1=3

i) चालक -

चालाक -

ii) दिन -

दीन -

iii) भवन -

भुवन -

प्र.12. निम्नलिखित मुहावरों को अपने वाक्यों में इस तरह प्रयुक्त कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए ।

i) खून खौलना ---------- 2×2=4

ii) जी चुराना ----------

खंड - 'द' (रचनात्मक लेखन)

प्र.13. निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर पत्र लिखिए । 5

i) आप 'ओ. पी. जिंदल विद्यालय' के छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते हैं। आपको कुछ पुस्तकें खरीदने के लिए रूपयों की आवश्यकता है। रुपए मँगवाने के लिए **पिताजी को पत्र लिखिए ।**

ii) परीक्षा में असफल होने पर मित्र को **सांत्वना पत्र लिखिए ।**

प्र.14. निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर अनुच्छेद लिखिए । 5

i) विद्यार्थी जीवन

ii) अच्छा स्वास्थ्य

iii) अनुशासन

iv) प्रातः कालीन सैर

प्र.15. निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर संवाद लिखिए । 5

i) विश्वकप क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी पर दो मित्रों के बीच हुए **संवाद को लिखिए ।**

ii) मोहन को बुखार आ गया है। उसके पिताजी उसे डॉक्टर के पास ले जाते हैं। डॉक्टर और मोहन के बीच हुए **संवाद को लिखिए ।**